हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 11 अक्टूबर 2025

06 नपा अध्यक्ष उप निर्वाचन की तैयारियों का डीएम ...



07 कल श्योपुर आएंगे मुख्यमंत्री,युद्ध स्तर पर...





## खबर संक्षेप

### सैनिक सम्मेलन 15 अक्टूबर को

**सागर।** 15 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11 बजे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सागर में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी जायेगी।

### सुपर सीडर से होगा नरवाई प्रबंधन, जिले में किसान आ रहे आगे

**सागर।** अब जिले में वायु प्रदूषण नहीं होगा अत्याधुनिक मशीन सुपर सीडर से नरवाई प्रबंधन किया जाकर वायु प्रदूषण रोकने की प्रबंध किए जाएंगे, कलेक्टर की अपील के बाद जिले में लगातार किसान भाई आगे आ रहे है। कलेक्टर संदीप जी. आर. के निर्देशों का जिले में सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में किसान भाइयों ने भी अपने खेतों में नरवाई न जलाने का संकल्प लिया है। नरवाई प्रबंधन के लिए कृषक हैप्पी सीडर व सुपर सीडर जैसी आधुनिक मशीनों का उपयोग कर रहे हैं, जिससे खेतों की उपज क्षमता भी बनी रहेगी। कलेक्टर संदीप जी. आर. के निर्देशों के अनुपालन में, क्षेत्र के कृषक द्वारा सुपर सीडर मशीन क्रय करने पर उन्हें शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। ताकि कृषक बंधु प्रेरित होकर इस मशीन का उपयोग करें पराली की समस्या से निजात पा सके। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर एसडीएम गगन बिसेन द्वारा ग्राम पटना बाबा, पंचायत मेढकी, विकासखंड केसली निवासी किसान रामसिंह कुर्मी, पिता कन्हैयालाल कुर्मी, को सुपर सीडर मशीन हेतु कुल 2,53,000 की लागत में से 1,20,000 की अनुदान राशि प्रदान की गई, जबकि कृषक अंश 1,33,000 रहा। एसडीएम गगन बिसेन ने बताया कि केसली विकासखंड के अन्य 5 कृषक भी निकट भविष्य में यह मशीन क्रय करेंगे।

### बेटियों के बेहतर भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाने की अपील

**सागर।** भारत सरकार की सुकन्या समृद्धि योजना में बेटियों के लिये छोटी बचत योजनाओं को बढ़ावा देने की योजना है। इस योजना के तहत पोस्ट आफिस में मात्र 250 रूपये से खाता खुलवाया जा सकता है। एक वित्तीय वर्ष में कम से कम जमा राशि पहले 1000 रूपये थी, जिसे घटाकर अब 250 रूपये कर दिया गया है। इस योजना के तहत खाते में एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम डेढ़ लाख रूपये जमा किये जा सकते है। किसी भी परिवार की अधिकतम 2 बेटियां इस योजना के तहत लाभान्वित हो सकती है। बेटी जुड़वा होने की स्थिति में अधिकतम 3 बेटी इस योजना के तहत लाभ ले सकती है लेकिन इसके लिये जन्म संबंधी प्रमाण-पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

### ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की सरल प्रक्रिया

**सागर।** आम नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएँ प्रदान करने की दृष्टि से ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया को और अधिक सरल किया गया है। अब कोई भी आवेदक लर्निंग लाइसेंस, नवीन ड्राइविंग लाइसेंस के आवेदन, नवीनीकरण अथवा ड्राइविंग लाइसेंस में अन्य श्रेणी के आवेदन के साथ रजिस्टर्ड चिकित्सक द्वारा पोर्टल पर ऑनलाइन फॉर्म 1ए में मेडिकल सर्टिफिकेट जारी कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि 1 अप्रैल 2021 के पूर्व उक्त मेडिकल सर्टिफिकेट मैनुअल तरीके से जारी किए जाने का प्रावधान था। मेडिकल काउंसिल में रजिस्टर्ड चिकित्सक पोर्टल पर ऑनलाइन फॉर्म 1ए में मेडिकल सर्टिफिकेट जारी कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें एनआईसी के सारथी पोर्टल पर पंजीयन कराना आवश्यक है। ज्यादा सुविधाएँ प्रदान करने की दृष्टि से ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया को और अधिक सरल किया गया है।

**महापौर, निगमायुक्त व एमआईसी सदस्यों की उपस्थिति में कर्मचारी संघों की मांगों के संबंध में हुई बैठक**

# महापौर ने दीपावली के पूर्व वेतन करने की घोषणा की अन्य मांगों को पूरा करने के लिए की जाएगी कारवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम कर्मचारी संघों द्वारा महापौर संगीता सुशील तिवारी को ज्ञापन सौंपकर दीपावली पर्व के पूर्व वेतन एवं बकाया एरियस का भुगतान करने, पदोन्नति करने, शासन आदेश दिनांक से गृह भाड़ा देने, पूर्व में हड़ताल के दौरान काटे गए 7 दिवस का वेतन सहित विभिन्न मांगों को पूर्ण करने की मांग की थी जिसे महापौर ने गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को एमआईसी सदस्यों एवं निगमायुक्त राजकुमार खत्री की उपस्थिति में बैठक कर सभी कर्मचारी संघों के पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर 5 करोड़ रुपए का ऋण लेकर दीपावली के पूर्व वेतन देने की घोषणा की, जिस पर कर्मचारी संघों ने महापौर संगीता सुशील तिवारी का आभार व्यक्त किया।



एम आई सी सदस्य शैलेन्द्र ठाकुर ने कहा कि कर्मचारी संघों द्वारा माननीय महापौर को विभिन्न मांगों के संबंध में जो ज्ञापन दिया गया है उन मांगों को पूर्ण करने हेतु महापौर एवं आयुक्त द्वारा सहानुभूति पूर्वक विचार किया जा रहा है। कर्मचारी भी अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाएं, बकाया वसूली के लिए अधिक परिश्रम करें।

बैठक में पार्षद प्रतिनिधि नरेश यादव ने कहा कि सभी को मालूम है कि नगर निगम आर्थिक स्थिति से गुजर रहा है इस कारण आपको वेतन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। यह पूरी परिषद आपकी समस्याओं का निराकरण करने के लिए हमेशा आपके साथ है पूर्व की परिषदों ने भी आपकी समस्याओं का निराकरण किया है हम लोग बकाया राशि की वसूली करने के लिए प्रयासरत है इसलिए सभी लोग बकाया वसूली को मेहनत के साथ करवाएं जो शासन स्तर की मांग है उसे शासन को भेजेंगे।

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने कहा कि सभी कर्मचारी निगम परिवार के सदस्य हैं वेतन देना नैतिक दायित्व है, शहर का विकास हो रहा है निगम पर बिजली, स्थापना, डीजल सबसे बड़े खर्च हैं। स्मार्ट सिटी, सीवर एवं टाटा प्रोजेक्ट आने के बाद बिजली का बिल बढ़ने लगा है। निगमायुक्त ने कहा कि हम बकाया वसूली करने का प्रयास कर रहे हैं, रेलवे, नगरपालिका मकरोनिया सहित सभी बकायादारों से राशि लेने की कार्रवाई की जा रही है। कर्मचारियों से क्या काम लेना है यह सुनिश्चित करना होगा। वसूली कर लेंगे तो ऋण नहीं लेना पड़ेगा। निगमायुक्त ने कर्मचारी संघों से कहा कि जो कर्मचारी काम नहीं कर रहे हैं उनकी सूची दे दें जिससे उन्हें वसूली के कार्य में लगाया जा सके।

महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों से सौहार्दपूर्ण चर्चा हुई है हम सभी नगर निगम परिवार के सदस्य हैं। दीपावली पर्व आने वाला है सभी कर्मचारी दीपावली का त्यौहार अच्छे से मना सके इसके लिए कर्मचारियों को वेतन देने के लिए 5 करोड़ रुपए का ऋण लेने की स्वीकृति प्रदान करती हूं जिसे बाद में बकाया वसूली की राशि आने के बाद चुकता कर दिया जाएगा।

महापौर प्रतिनिधि डॉक्टर सुशील तिवारी ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण करना एवं उन्हें वेतन देना हमारा नैतिक दायित्व है पूरी परिषद कर्मचारियों के साथ हैं जो समस्याएं हैं उनका निराकरण किया जाएगा। महापौर द्वारा वेतन एवं अन्य मांगों को पूर्ण करने की घोषणा करने पर कर्मचारी संघों ने आभार व्यक्त किया।

बैठक में एमआईसी सदस्य विनोद तिवारी, शैलेंद्र ठाकुर, अनूप उर्मिल, धर्मेंद्र खटीक, राजकुमार पटेल, संगीता शैलेष जैन, रूपेश यादव,पार्षद प्रतिनिधि नरेश यादव, कंचन सोमश जड़िया, कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत, कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक, आनंद मंगल गुरु मनोज चैबे, वर्षा समद, सफाई कामगार यूनियन अध्यक्ष सुदेश सनकत, महेश करोसिया, भोला करोसिया, सुदामा मछंदर, विजय महावत, दशरथ महावत, दीपक ज्ञान, हेमंत सारवन सहित नगर निगम के कर्मचारी उपस्थित थे।



### हितग्राहियों को अंत्येष्टि सहायता राशि प्रदान की

**गढाकोटा।** नगर पालिका परिषद सभागार में शुक्रवार को मुख्यमंत्री अंत्येष्टि सहायता योजना के अंतर्गत मृतकों के परिजनों के पात्र हितग्राहियों को 5-5 हजार रुपए की नगद राशि भाजपा नेता अभिषेक भार्गव एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी और पार्षदों ने प्रदान की। हितग्राही परिजन जिनमें उमेश यादव, चंपा बाई राठौर, मीरा काछी, जागेश्वरी सिलावट, गोविंद प्रजापति, अफसर बहना, राजेंद्र अहिरवार, आशा रानी पटेल, ललिता बसोर, रामरानी कोरी, अनीता बाई रैकवार, आसाराम रैकवार, देवी रैकवार, सोमती प्रजापति, एवं कमलेश रजक, शामिल हैं। अंत्येष्टि सहायता योजना से 15 पात्र मृतकों के परिजनों को 5 -5 हजार रूपए की नगद राशि देते हुए कुल 75 हजार रुपए की नगद राशि एवं योजना के तहत माह अगस्त एवं सितंबर में स्वीकृत 50 पात्र हितग्राहियों को वृध्दा अवस्था, विधवा एवं निःशक्तजन पेंशन के तहत पेंशन स्वीकृति पत्र का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभिषेक भार्गव एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने कहा कि हम प्रत्येक पात्र परिवार को शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सदैव संकल्पित है। इस अवसर पर समस्त पात्र हितग्राहियों के साथ उनके परिवारजन, मुख्य न. पा. अधिकारी धनंजय गुमास्ता एवं सभी पार्षद गण सहित न.पा. अधिकारी कर्मचारियों शाखा प्रभारी मनोज कोरी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## छोटे किसानों को प्राथमिकता से खाद उपलब्ध कराएं, निजी खाद दुकानदार डबल लाक से करें खाद का वितरण : कलेक्टर

**सागर।** जिले में आज शांतिपूर्ण रूप से किया जा रहा है खाद उर्वरक का वितरण एवं छोटे किसानों को प्राथमिकता से खाद उपलब्ध कराए, निजी खाद दुकानदार डबल लाक से खाद का वितरण करे। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए की खाद उर्वरक के वितरण में किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था नहीं बिगाड़ना चाहिए उन्होंने कहा कि सबसे पहले छोटे किसानदार भाइयों को खाद उर्वरक प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराए जिससे उनकी आवश्यकता को पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि किसान भाइयों को एनपीके की उपयोगिता के संबंध में विस्तार से जानकारी दें उन्होंने कहा कि डीएपी के साथ-साथ एनपीके अनिवार्य रूप से वितरित करें। उन्होंने कहा कि सभी खाद वितरण केन्द्रों पर प्रात 6 बजे से खाद वितरण का कार्य किया जाए।

### आयुष्मान कार्ड से निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज

**सागर।** राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना संचालित की जा रहीं है। जन आरोग्य योजना का लाभ लेकर अनेक लोग अब निजी अस्पतालों में अपना मुफ्त इलाज करा रहे है। पैसों के अभाव में निजी अस्पतालों में अपना इलाज नही करा पाने वाले हितग्राहियों के लिए आयुष्मान कार्ड वरदान साबित हुआ है। आयुष्मान कार्ड से लोगो को निजी अस्पतालों में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज कराने की सुविधा मिल रही है। आयुष्मान कार्ड भविष्य में किसी भी प्रकार की बीमारी या दुर्घटना होने पर मददगार होता हे। आयुष्मान कार्ड से वे निजी अस्पताल में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज करा सकते है।



### परशुराम कल्याण बोर्ड ने पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह व महापौर संगीता तिवारी का सम्मान किया

**सागर।** सिविल लाइंस वार्ड का नाम भगवान परशुराम के नाम करने तथा वार्ड में उनकी प्रतिमा स्थापना का प्रस्ताव सागर नगर निगम परिषद व महापौर संगीता सुशील तिवारी द्वारा सर्वसम्मति से पास किए जाने पर परशुराम कल्याण बोर्ड के जिला प्रभारी मधुसूदन खेमरिया के नेतृत्व में पूरी जिला कार्यकारिणी ने पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह का सम्मान कर आभार व्यक्त किया। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने सागर कार्यालय स्थित मीटिंग हाल में आयोजित सादे समारोह में उपस्थित परशुराम कल्याण बोर्ड के विप्र बंधुओं, एमआईसी सदस्यों व पार्षदों को संबोधित करते हुए कहा कि अंग्रेजी शासनकाल में अंग्रेजों ने अपनी भाषा और संस्कृति के अनुरूप सिविल लाइन नाम रखा था जिस नाम का अब कोई औचित्य नहीं है। इस वार्ड का नाम भारतीय सनातन संस्कृति व इतिहास के महान् चरित्र भगवान श्री परशुराम के नाम पर किए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित करने के लिए मैं निगम परिषद व महापौर संगीता तिवारी का आभार व्यक्त करता हूं। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि वार्ड पार्षद ,एमआईसी व नगरनिगम परिषद की सहमति से प्रस्ताव पारित होने के बाद निर्णय बाद उसी विषय पर कोई कमेटी बनाई जाए। निगम परिषद अंतिम निर्णायक बाडी है उसके निर्णय को किसी कमेटी में भेजने कोई कोई नियम या प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के गौरव वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना व सिटी स्टेडियम के नामकरण का प्रस्ताव भी नगर निगम परिषद में बहुमत से पारित होने के बाद उस पर समिति बनाना अनुचित है। पूर्व मंत्री सिंह ने कहा कि मेरा आग्रह है कि निगम परिषद की कार्रवाई के अनुरूप आदेश जारी हों तथा शीघ्रता से वार्ड के नाम सहित भगवान परशुराम की प्रतिमा स्थापित हो। भारतीय धर्म संस्कृति के हमारे आराध्य महापुरुषों की प्रतिमा व मंदिरों की स्थापना से भारतीय संस्कृति सशक्त होती है। कार्यक्रम में परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष मधुसूदन खेमरिया सहित सभी कार्यकारिणी पदाधिकारियों, सदस्यों ने पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह तथा महापौर श्रीमती संगीता तिवारी का सम्मान व अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन एमआईसी सदस्य शैलेन्द्र ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती संगीता तिवारी, डा सुशील तिवारी, एमआईसी सदस्य राजकुमार पटेल, संगीता शैलेष जैन, श्रीमती कंचन सोमेश जड़िया, सह जिला प्रभारी राजेश पाराशर, जिला मातृशक्ति प्रमुख प्रतिज्ञा सिलाकारी ,जिला प्रशासनिक प्रमुख अर्चना तिवारी सहित परशुराम कल्याण बोर्ड सागर की पूरी टीम उपस्थित रही।




### तीन दिवसीय युवा उत्सव का शुभारंभ

**गढाकोटा।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,गढ़ाकोटा में तीन दिवसीय महाविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य सुश्री आकृति खरे द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को युवा उत्सव के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की सृजनात्मकता, प्रतिभा और आत्मविश्वास को निखारने का उत्कृष्ट माध्यम हैं तथा सभी विद्यार्थियों से पूरे उत्साह और समर्पण के साथ भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. किशोरी सोनी ने कहा कि युवा उत्सव केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि यह विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानने और उसे दिशा देने का एक सशक्त मंच है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता तथा आत्मविश्वास का विकास करते हैं। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय युवा उत्सव के अंतर्गत विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं, जिनमें महाविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा। उत्सव के प्रथम दिवस पर रूपांकन विधा के अंतर्गत रंगोली, क्ले मॉडलिंग, पोस्टर मेकिंग, कार्टूनिंग, चित्रकला एवं कॉलेज विविध जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## कफ सिरप मामले में गढ़ाकोटा में आक्रोश, कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च, स्वास्थ्य मंत्री से इस्तीफे की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढाकोटा

मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा में कफ सिरप पीने से हुई 20 मासूम बच्चों की जान जाने बाद अब पूरे प्रदेश में गुस्से की लहर फैल गई है। सागर जिले के गढ़ाकोटा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस घटना के विरोध में मोमबत्तियां जलाकर आक्रोश जताया और प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री के इस्तीफे की मांग की। गढ़ाकोटा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में गुरुवार की शाम डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक से कैंडल मार्च निकाला गया। हाथों में मोमबत्तियां और बैनर लिए सैकड़ों कार्यकर्ता "हत्यारी सरकार इस्तीफा दो" और "मासूमों को न्याय दो" के नारे लगाते हुए आगे बढ़े। कैंडल मार्च पुराना बस स्टैंड पहुंचकर संपन्न हुआ, जहां उपस्थित जनों ने दो मिनट का मौन रखकर मृत बच्चों को श्रद्धांजलि दी। माहौल बेहद भावुक था। कई कार्यकर्ताओं की आंखें नम हो गईं। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि



यह घटना सिर्फ एक हादसा नहीं बल्कि सरकारी लापरवाही का परिणाम है। उन्होंने मांग की कि स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल को तत्काल पद से हटाया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। शेख मजीद खान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गढ़ाकोटा ने बताया कि 20 मासूमों की जान गई, और सरकार चुप है! यह बेहद शर्मनाक है। जब तक स्वास्थ्य मंत्री इस्तीफा नहीं देते, कांग्रेस इस अन्याय के खिलाफ सड़कों पर संघर्ष करती रहेगी। कैंडल मार्च में ब्लॉक अध्यक्ष सहित नगर अध्यक्ष लक्ष्मी कोरी, मुकेश जैन, जावेद खान, पप्पू पटवा, किशन नायक, पंकज पास्टकर, मूलचंद पटेल, शेख रिजवान सोनू, राजकुमार कोरी, इंतजार खान, सतीश साहू, मोदी लाल लड़िया, भागवत प्यारे लाल पटेल, प्रसाद कोरी, नौशाद,लकी, साहिल, नाथू कोरी बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे। गढ़ाकोटा कांग्रेस ने साफ कहा है कि यह आंदोलन सिर्फ श्रद्धांजलि तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि यह मासूमों को न्याय दिलाने की लड़ाई है।



### शहर कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान संपन्न

**सागर।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आज सागर शहर की तुलसी नगर और सुभाष नगर वार्डों में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत जनता जनार्दन से हस्ताक्षर लिए गए ज्ञात हो कि यह हस्ताक्षर भारत के महामहिम राष्ट्रपति को कांग्रेस के नेता राहुल गांधी एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नेतृत्व में सोपे जाएंगे। आज हस्ताक्षर अभियान में प्रमुख रूप से शहर विधानसभा के प्रभारी से जितेंद्र जैन क्रांतिकारी शामिल हुए इस अवसर पर उन्होंने कहा की लोगों को अपने वोट के अधिकार को पहचानना चाहिए भाजपा सरकार में वोट चोरी हो रहे हैं। अपने बोट की रक्षा हमें स्वयं करनी होगी। जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि कांग्रेस भाजपा की वोट चोरी का पर्दाफाश कर रही है, सभी वोटर अपने पोलिंग बूथ पर जाकर अपने परिवार की वोट चेक करें। हस्ताक्षर अभियान में प्रमुख रूप सें रामकुमार पचौरी हीरालाल चौधरी, सिंटू कटारे, वीरेंद्र राजे, पूर्व पार्षद भैयन पटेल, आनंद हेला, अजय सिंह राजपूत, धर्मेंद्र चौधरी, मयंक ठक्कर, शरद पुरोहित, निलेश अहिरवार, सुधीर जैन, साजिद राइन, गोविंद अहिरवार, सोनू यादव, पन्नालाल अहिरवार, टीकाराम दीवान, केसर भाई, जनक रानी आदि लोग मौजूद थे।

**शासकीय उमा विद्यालय में आत्मनिर्भर भारत युवा संगोष्ठी का आयोजन**

# युवा भारत के सपनों के प्रतिनिधि हैं: युवा भाजापा नेता अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

युवावस्था किसी भी देश की सबसे बड़ी पूंजी होती है। यही वह आयु है, जब युवाओं के अंदर जोश, ऊर्जा, कल्पनाशक्ति होती है। इसलिए यह कहना उचित होगा कि आज के युवा कल के नेता हैं। यह उद्गार आचार्य बिनोवा भावे वार्ड निर्तला तथा शासकीय.उ.मा. विद्यालय में आयोजित आत्मनिर्भर भारत युवा संगोष्ठी में युवा नेता अविराज सिंह ने व्यक्त किए।

अपने संबोधन में अविराज सिंह ने कहा कि आज पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है। इसका कारण है कि भारत के पास विश्व में सबसे अधिक युवा शक्ति है। विश्व में सबसे ज्यादा, प्रतिभाशाली युवा भारत के पास हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कहा है कि युवा भारत के सपनों के प्रतिनिधि हैं। युवा वह होते हैं, जिनमें कुछ नया सोचने की कला होती है। स्वामी विवेकानंद जी ने संदेश दिया कि केवल 100 युवा देश को आगे बढ़ा सकते हैं। अविराज सिंह ने कहा कि आज पूरा विश्व चाहता है कि भारत के युवा उनके यहां आयें और काम करें। जो बातो के बादशाह नहीं हैं, जो कर के दिखाते हैं, वह युवा हैं। युवा देश का वर्तमान भी हैं और भविष्य भी हैं। इसलिए युवाओं को राष्ट्रवादी सोच को आगे बढ़ाना होगा। शिक्षा केवल स्कूल कॉलेजो तक सीमित नहीं है, हम शिक्षा से बात करना सीखते हैं। माता, पिता, मित्रों से कैसे बात करना हैं, यह सब हम शिक्षा से ही सीखते हैं। इसलिए




आप अच्छा ज्ञान प्राप्त करें।

उन्होंने कहा कि युवाओं को राजनीति में भी रुचि लेनी होगी, क्योंकि आज के युवा ही कल के नेता हैं। नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि वह 1 लाख युवाओं को राजनीति में आगे लेकर आएंगे। युवाओं का राजनीति में आना समय की मांग हैं। उन्होंने कहा कि यदि हमें किसी भी फील्ड में आगे बढ़ना हैं तो उसकी पहली सीढ़ी असफलता हैं। असफलता ही सफलता की सीढ़ी है। आज भारत में निर्मित यूपीआई का पूरे विश्व में उपयोग हो रहा है, भारत इतना आगे बढ़ चुका है। अविराज सिंह ने कहा कि जीवन में आगे वही बढ़ता है, जो डर को हरा देता है। जो अपने हुनर पर भरोसा, अपनी मिट्टी पर गर्व, और अपनी मेहनत पर विश्वास करता है। तभी आप जीवन में आगे बढ़ेंगे, प्रगति करेंगे। हम जितना परिश्रम करेंगे, उतना आगे बढ़ेंगे। इसलिए परिश्रम कि जरुरत है।

अविराज सिंह ने कहा कि अभी दीपावली आ रही है, तो इस बार यह कोशिश करें कि अगर कोई वस्तु खरीदें तो उस पर मेड इन इंडिया लिखा होना चाहिए। क्योंकि भारत से हर साल 20 लाख करोड़ रुपए चायना के सामान पर जा रहा है। इसलिए हमें इस चेन को तोड़ना होगा। हमें स्वदेशी को आगे बढ़ाना होगा, तब स्वदेशी का सपना पूरा होगा, आत्म निर्भर भारत का सपना पूरा होगा। भारत आपको विश्व गुरु के रूप में चमकता हुआ नजर आऐगा। यह स्वदेशी का महत्व है। उन्होंने कहा कि अनुशासन ही हमारे जीवन का आधार है। नरेंद्र मोदी यह मानते हैं कि वह अपने जीवन में अनुशासन से ही आगे बढ़ पाए। उन्होनें कहा कि अगर हमें अनुशासित बनना है तो राष्ट्रीय स्वयं सेवक से जुड़ना होगा। संघ ऐसे युवाओं का निर्माण कर रहा है, जो भारत को आगे ले जाएं। अगर आपको अनुशासित बनना है तो संघ उसका सबसे अच्छा माध्यम है। उन्होंने कहा कि हमारे खुरई के युवा भी ऐसे ही होना चाहिए। हम सभी मिलके गौरवशाली विश्व का निर्माण करें। हम सबको मिलके अपने देश को आगे बढ़ाना है और स्वदेशी को अपनाना है।

## खबर संक्षेप

### आपदा प्रबंधन के अंतर्गत मॉक ड्रिल का आयोजन

**विदिशा।** मेडिकल कॉलेज में अग्नि एवं विस्फोट दुर्घटना संबंधी मॉक ड्रिल आज गुरुवार सुबह 10.30 बजे से किया जाएगा। इस मॉक ड्रिल में जिला प्रशासन, पुलिस, अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, विद्युत वितरण कंपनी, आपदा प्रबंधन दल सहित अन्य संबंधित विभागों की टीमें सहभागी रहेंगी। कार्यक्रम का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं समन्वित कार्यवाही की तैयारियों का परीक्षण करना है।

### मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण शुरू हुआ

**विदिशा।** भारतीय स्टेट बैंक की प्रशिक्षण संस्थान आरसेठी के द्वारा जिले में मशरूम की खेती को बढावा देने के उद्धेश्य से 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण 17 अक्टूबर तक चलेगा। प्रशिक्षण संस्थान के प्रभारी ने बताया कि 21 प्रशिक्षणार्थियों को मशरूम खेती करने की विधा से प्रशिक्षित किया जाएगा। आवासीय आरसेठी प्रशिक्षण संस्थान में ठहरने व भोजन व प्रशिक्षण की सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है।

### समापन पर दिलाई नशा न करने की शपथ

**विदिशा।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के द्वारा अक्टूबर माह की 2 से 8 तारीख तक मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन किया गया था। इस दौरान गतिविधियों के माध्यम से आमजनों को जागरूक किया गया है। मद्य निषेध सप्ताह का समापन कार्यक्रम माधवगंज क्रमांक 2 शासकीय हाई स्कूल टीलाखेडी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मादक पदार्थ एवं मद्यपान के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में शैक्षणिक संस्था के प्राचार्य आरके जैन, नशामुक्त भारत अभियान के मास्टर ट्रेनर्स वेदप्रकाश शर्मा के अलावा सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में नशामुक्ति शपथ दिलाई गई।

### 96 पंजीयन छात्रों में से 64 का चयन किया गया

**विदिशा।** शासकीय आईटीआई में बुधवार को सुजूकी मोटर्स गुजरात द्वारा प्लेसमेंट के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गय। जिसमें कई ट्रेड्स के पासआउट छात्रों द्वारा भाग लिया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में जिले के विभिन्न विकासखंडों की आईटीआई के छात्रों ने भी भाग लिया। इस दौरान कुल 96 पंजीयन हुए। जिसमें से 64 छात्रों का चयन किया गया है।

### पुलिस को मुथुरा वृंदावन में मिली अपहृत बालिका

**विदिशा।** ऑपरेशन मुस्कान अभियान के अंतर्गत थाना सिविल लाइन पुलिस ने अपहृत नाबालिग बालिका को मथुरा-वृंदावन (उप्र) से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। यह कार्रवाई एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन, एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं सीएसपी अतुल सिंह के मार्गदर्शन में की गई। थाना सिविल लाइन में पाक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज था। 22 सितंबर को नाबालिग के अपहरण की सूचना पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए सर्च अभियान शुरू किया।

---

### स्ट्रांग रुम व मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों व पुलिस बल रहेगा तैनात

# नपा अध्यक्ष उप निर्वाचन की तैयारियों का डीएम और एसपी ने लिया जायजा




हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, ललितपुर उप निर्वाचन-2025 को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी अमनदीप डुली एवं पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक ने अपनी प्रशासनिक टीम के साथ नवीन मण्डी परिसर अमरपुर में स्थापित स्ट्रांग रुम व शहर के कई मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर केन्द्रों में मौजूद अवस्थापन सुविधाओं का जायजा लिया।

अमरपुर मण्डी पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी कक्षों में जाकर बारीकी से निरीक्षण किया और कक्षों की सफाई, प्रकाश, पानी आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने स्ट्रांग रुम का निरीक्षण कर कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगवाने व पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य द्वार से स्ट्रांग रुम तक पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात करने, बैरिकेटिंग लगवाने हेतु पुलिस अधिकारियों व सभी कक्षों व चबूतरों की सफाई कराने हेतु अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिये। इसके अलावा 15 अक्टूबर को होने वाले मतदान के एक दिन पूर्व पार्टी रवानगी हेतु व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया, वाहनों के खड़े होने का स्थान, पोलिंग पार्टियों के बैठने आदि की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि मण्डी परिसर में मतगणना भी सम्पन्न होनी है, जिसके लिए चबूतरों की पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, सीसीटीवी कैमरे, स्क्रीन, कण्ट्रोल रुम सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। मौके पर नगर पालिका कर्मियों के द्वारा सफाई कार्य कराया जा रहा था।

#### निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची परखी

*उन्होंने शहर के मतदान केन्द्र नगर पालिका बालिका इण्टर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय रावरपुरा, बालहंश पब्लिक स्कूल आजादपुरा, एवं रविन्द्रनाथ टैगोर विद्यालय बड़ापुरा का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी सदर अपनी टीम के साथ शहर के मतदान केन्द्रों का भ्रमण करते रहें और भ्रमण के दौरान जो भी कमियां संज्ञान में आयें उन्हें सम्बंधित प्रभारी अधिकारियों से दुरुस्त कराकर चेकलिस्ट दें। इसके साथ ही समस्त जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट लगातार भ्रमणशील रहकर मतदेय स्थलों की निगरानी करें तथा क्रिटिकल एवं वल्नरेवल बूथों पर पुलिस बल तैनात रहे। पुलिस अधिकारी मतदान के दौरान अराजक तत्वों पर बारीक नजर बनाये रखें। निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, इसमें कोई भी कमी नहीं छोड़ी जायेगी, जिससे किसी मतदाता को अपने मतदान में असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में 15 अक्टूबर को मतदान दिवस पर मतदान केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे, पेयजल, बैठने हेतु छायादार स्थान, परिसर में टेण्ट, शौचालय, कक्षों में पर्याप्त प्रकाश व्यवथा, रैम्प आदि के साथ वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित करायें। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर जिलाधिकारी वि/रा अंकुर श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, उप जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी उमेशचन्द्र मिश्रा, जिला आबकारी अधिकारी मौजूद रहे।*

---

### रेलवे ट्रैक पर फंसा सीमेंट का ट्रक

# सुपर फास्ट, एक्सप्रेस ट्रेनें व मालगाड़ियां प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

ललितपुर-भोपाल रेल मार्ग पर धौर्रा रेलवे क्रॉसिंग पर सुबह एक ट्रक फंस गया। इससे लगभग एक घंटे तक रेल यातायात बाधित रहा और सात यात्री ट्रेनें तथा चार मालगाड़ियां काफी देर तक खड़ी रहीं। यह घटना सुबह करीब 8.30 बजे हुई। सीमेंट से भरा एक ट्रक धौर्रा से रणछोड़ की ओर जा रहा था। धौर्रा स्टेशन के आगे बीना की दिशा में रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय ट्रक का एक्सल टूट गया और पहिया निकल गया, जिससे ट्रक अप रेल लाइन पर पटरियों के बीच फंस गया। ट्रक के फंसने से रेल यातायात में हड़कंप मच गया। ललितपुर से भोपाल की ओर जाने वाली महानमा सुपरफास्ट एक्सप्रेस, कलिंगा उत्कल एक्सप्रेस, श्रीछत्रपति शाहूजी महाराज टर्मिनस कोल्हापुर, हजरत निजामुद्दीन सुपरफास्ट एक्सप्रेस, समता एक्सप्रेस और पनवेल गोरखपुर एक्सप्रेस सहित पांच यात्री ट्रेनें लेट हो गईं। इसके अलावा, ललितपुर-भोपाल की ओर जाने वाली साबरमती एक्सप्रेस और कुशीनगर एक्सप्रेस भी लगभग एक घंटे तक देरी से चलीं। चार मालगाड़ियां भी प्रभावित हुईं। सूचना मिलते ही रेलकर्मी, आरपीएफ और जीआरपी के जवान मौके पर पहुंचे। एक जेसीबी मशीन की मदद से ट्रक को रेल पटरियों से हटाया गया। हालांकि, ट्रैक से निकलने के बाद ट्रक कुछ दूरी पर फिर फंस गया, जिसके लिए क्रे्न और हाइड्रा मंगवाया गया। झांसी रेल मंडल के पीआरओ ने बताया कि अप रेल मार्ग पर धौर्रा रेल क्रॉसिंग पर ट्रक फंसने के कारण लगभग एक घंटे तक रेल मार्ग अवरुद्ध रहा, जिससे सात यात्री ट्रेनें और चार माल गाडियां लेट हुईं।

---

# कड़ेसराकलां गांव में गिरा संदिग्ध ड्रोन

### सेना और स्थानीय पुलिस ड्रोन की जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭तालबेहट (ललितपुर)



थाना तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम कडेसराकलां में मंगलवार देर रात एक भारी-भरकम ड्रोन मिलने से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और सेना के अधिकारी मौके पर पहुंच गए और ड्रोन को अपने कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

सूत्रों के अनुसार, देर रात ग्रामीणों ने खेतों की ओर आसमान से गिरती एक वस्तु देखी, जो पास जाकर देखने पर ड्रोन निकली। देखते ही देखते मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई। घटना की सूचना डायल 112 और तालबेहट पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षेत्र को घेराबंदी कर लिया और सेना की तकनीकी टीम को सूचना दी। बताया जा रहा है कि बरामद ड्रोन का आकार सामान्य घरेलू ड्रोन की तुलना में काफी बड़ा है और इसमें कई पंखे (ब्लेड) लगे हुए हैं। प्रथम दृष्टया यह किसी सर्वे या सैन्य प्रशिक्षण में प्रयुक्त तकनीकी उपकरण प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने ड्रोन को कब्जे में लेकर जांच के लिए तकनीकी विशेषज्ञों को सौंप दिया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ड्रोन कहां से आया और किस उद्देश्य से उड़ाया गया था। थाना प्रभारी तालबेहट ने बताया कि ड्रोन की जांच सेना और बम निरोधक दस्ते द्वारा कराई जा रही है। फिलहाल किसी विस्फोटक या संदिग्ध सामग्री का पता नहीं चला है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है और सुरक्षा एजेंसियां पूरी सतर्कता बरते हुए हैं।

---

### पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

# एसपी ने कोतवाली पहुंचकर देखी व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर



पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने कोतवाली सदर का आकस्मिक निरीक्षण कर परिसर, कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र आदि को देखा। एसपी ने कार्यालय/मिशन शक्ति केन्द्र से संबंधित रजिस्टरों को चेक कर, उनका, उचित व व्यवस्थित रख-रखाव के लिए संबंधित को निर्देश देते हुये मुकदमों से संबंधित लंबित माल का विधिक व निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप निस्तारण एवं सही रख-रखाव, शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुणदोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व कोतवाली क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थों, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने व थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत व समयबद्ध निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया।

मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत मिशन शक्ति टीम को नियमित रूप से कॉलेजों, स्कूलों आदि जगहों पर जाकर महिलाओं, बच्चियों को महिला अपराध संबंधी हेल्पलाइन नम्बरों 1090 आदि से जागरूक करने तथा महिलाओं की सुरक्षा हेतु एन्टीरोमियो स्कॉवड व महिला बीट आरक्षियों को प्रतिदिन अपने-अपने बीट क्षेत्र में भ्रमण हेतु आदेशित किया गया, जिससे कि महिला सम्बंधी अपराध न हो पाए तथा शासन की जीरो टॉलरेंस नीति को अक्षरशः अनुपालन कराया जाये। आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत, प्रमुख भीड़-भाड़ वाले चौराहों, सराफा बाजार, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों आदि की पेट्रोलिंग/पिकेट के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराना सुनिश्चित करें एवं चेकिंग के दौरान बिना हेल्मेट, शराब पीकर, फर्राटे भरने वाले आदि वाहन चालकों की चेकिंग कर आवश्यक करके संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

---

# धान की फसल निकाल रही महिला से की मारपीट

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट अंतर्गत ग्राम कड़ेसराकलां में रहने वाले अवधेश कुमार पुत्र सिरनाम सिंह राजपूत ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते बुधवार को अपराह्न 2.30 बजे उसके भाई व भाभी घर पर धान निकाल रहे थे। तभी अचानक गांव के बब्बू राजा पुत्र बारेराजा व रश्मि राजा पत्नी राघवेन्द्र राजा व कु.चाहत राजा एकराय होकर आये और उसकी भाभी को गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने पीड़ित की भाभी नीलम राजा को जमीन पर पटक कर लात-घूसों से मारपीट कर दी। आरोप है कि बब्बू राजा ने उसकी भाभी को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उसके भाई लालसिंह ने डायल 112 पर फोन लगाकर पुलिस को सूचना दी। तब पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नीलम राजा को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 109, 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

# आईआईएम इंदौर की टीम ने की शासन की योजनाओं पर लखपति दीदियों से चर्चा

### आईआईएम इंदौर के 6 सदस्यीय डेलीगेशन ने आजीविका मिशन भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ग्यारसपुर

आईआईएम इंदौर के 6 सदस्यीय डेलीगेशन ने आजीविका मिशन भवन पहुंचकर लखपति दीदियों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से आत्मनिर्भरता और शासन की योजनाओं पर चर्चा की।

टीम ने जाना कि महिलाएं कैसे राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं से जुड़कर अपने परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत बना रही हैं। टीम लीडर सुमीत भारद्वाज ने बताया कि इस अध्ययन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की प्रगति, रोजगार के अवसरों और बाजार से जुड़ाव की स्थिति को समझना है।आजीविका मिशन की ब्लॉक प्रबंधक रेखा वर्मा ने समूहों द्वारा संचालित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि महिलाएं अब खुद उत्पाद बनाकर स्थानीय बाजारों में बेच रही हैं, जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। टीम ने ग्यारसपुर के किसानों से भी संवाद किया और ऐतिहासिक माला देवी मंदिर का अवलोकन किया। टीम में खुशबू, नितिन माली, नैंसी वर्मा, परिधी पोपली, कुशाग्र सिंगर और शशांक यादव शामिल रहे। इस अवसर पर महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि आज वे आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार कर रही हैं।

---

### पुलिस को शिकायती पत्र दिया

# दूध बेचकर लौट रहे वृद्ध को बाइक ने मारी टक्कर, घायल

**ललितपुर।** पूराकलां थानान्तर्गत ग्राम सारसेड में रहने वाले विजय सिंह पुत्र रामरतन यादव ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसके पिताजी बीती 3 अक्टूबर को शाम करीब 6 बजे मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 एच 8330 से दूध बेचकर घर आ रहे थे। तभी गांव के भानुप्रताप सिंह पुत्र जयपाल सिंह ठाकुर ने अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 एक्स 7002 को तेजी व लापरवाही से चलाते हुये जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता घायल हो गये। घायलावस्था में उन्हें ललितपुर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें झांसी रेफर कर दिया गया। अब उनका झांसी में उपचार चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर भानुप्रताप सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए) व 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

# अनक्लेम्ड डिपॉजिट की वापसी के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया गया

### केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर

वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, के आयोजित उच्च स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में लिये गये निर्णयों के माध्यम से सूचित किया गया है कि अक्टूबर 2025 से दिसम्बर 2025 की अवधि में प्रत्येक जिले में शिविर आयोजित कर अनक्लेम्ड डिपॉजिट को उनके वास्तविक दावेदारों को लौटाने अभियान चलाया जायेगा। लीड बैंक ऑफिसर रंजीत कुमार ने अपनी विज्ञप्ति में बताया कि वित्त मंत्रालय भारत सरकार की दिशा निर्देश पर उक्त के क्रम मैं जिला प्रशासन द्वारा वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार 9 अक्टूबर को जिलाधिकारी कि अध्यक्षता में विकस भवन सभागार मैं विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का उद्देश्य बैंकों में वर्षों से निष्क्रिय पड़े अनक्लेम्ड डिपॉजिट (जैसे - बचत खाता, चालू खाता, सावधि जमा, पीपीएफ, आदि) को उनके वास्तविक दावेदारों या उनके उत्तराधिकारियों को लौटाना है। अग्रणी जिला प्रबंधक ललितपुर द्वारा अवगत कराया गया है कि विभिन्न बिभागों द्वारा विभिन्न परियोजनाओं में संचालित अंशदान / परिक्रमी निधि से सम्बन्धित खाते बैंक के विभिन्न शाखा में खुलवाये गये थे जो कि बहुत समय से कार्यरत न होने के कारण बन्द चल रहे थे, जिसे रिजर्व बैंक आफ इण्डिया के ऊएअऋ योजना के तहत होल्ड कर दिया गया है। रिजर्व बैंक आफ इण्डिया में स्थानातंरण किये गए खातों में उपलब्ध धनराशि है, जिसका क्लेम विभाग का प्राधिकार पत्र, विभाग का सम्बंधित बैंक मे जमा कर रिजर्व बैंक आफ इण्डिया से किया जा सकता है यदि आपके या आपके परिजनों के किसी बैंक खाते में पिछले कई वर्षों से कोई राशि बिना उपयोग के पड़ी है, तो आप इन शिविरों में भाग लेकर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। शिविरों में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे, जो ऑन-द-स्पॉट जानकारी और सहायता प्रदान करेंगे।यह एक सरकारी पहल है, जिसका उद्देश्य जनता की भूली-बिसरी जमाओं को उन्हें वापस दिलाना है।

---

### स्वच्छता ही सेवा अभियान द्वारा नदियों के संरक्षण का दिया संदेश

# सैकड़ों छात्रों ने एक सुर में ली गंगा संरक्षण की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ललितपुर



स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत जिला गंगा समिति के द्वारा किसान इंटर कॉलेज, बिरधा में छात्रों को गंगा और उसकी सहायक नदियों की स्वच्छता के प्रति जागरूक और संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया ' कार्यक्रम में 'नदियों की स्वच्छता' पर परिचर्चा में छात्रों ने बढ़-चढ़कर अपने विचार रखे। छात्रों ने नदियों में बढ़ रहे प्रदूषण, इसके दुष्परिणामों और इसे रोकने के संभावित उपायों पर गहन चर्चा की। परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे ने नमामि गंगे परियोजना से जुड़ी जानकारियां छात्रों से साँझा की' जिला गंगा समिति सदस्य बासुदेव सिंह ने छात्रों का जनपद की नदियों से परिचय कराया' इसके बाद, 'नदी स्वच्छता और संरक्षण' विषय पर चित्रकला का आयोजन किया गया।

#### छात्रों ने रंगों से कागज पर स्वच्छ नदियों पर भावनाओं को व्यक्त किया

छात्रों ने अपनी कल्पना के रंगों से कागज पर स्वच्छ नदियों के चित्रों के माध्यम से अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। कार्यक्रम के अगले चरण में गंगा क्विज से छात्रों को नदियों के महत्व, उनके प्रदूषण के कारणों और उन्हें साफ रखने के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। गंगा शपथ के दौरान सैकड़ों छात्रों ने एक सुर में नदियों में कचरा, प्लास्टिक न बहाने की शपथ ली ' कार्यक्रम के अंत में, विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. के.पी.बुन्देला ने कहा कि छात्र हमारे भविष्य हैं। उनमें अभी से स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना हमारा उद्देश्य है। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापक नितिन शर्मा, जीवन लाल साहू, अजय प्रताप सिंह, दामोदर प्रजापति, मोहित जैन, अंजलि मिश्रा, जीतेन्द्र राजपूत आदि मौजूद रहे।

### मिल सकने वाली सौगातों के लिए बनने लगी प्लानिंग

# कल श्योपुर आएंगे मुख्यमंत्री, युद्ध स्तर पर तैयारियों में जुटा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

12 अक्टूबर को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव श्योपुर के एक दिवसीय दौरे पर आएंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री मेला ग्रांउड श्योपुर में आयोजित महिला सम्मेलन के माध्यम से प्रदेश की लाडली बहनाओं को लाडली बहना योजना के तहत माह अक्टूबर 2025 की राशि का अंतरण करेंगे। इसके साथ ही विभिन्न विकास निर्माण कार्यो का लोकार्पण तथा शिलान्यास करते हुए विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों को लाभ का वितरण भी करेंगे। प्रशासन मुख्यमंत्री के प्रस्तावित श्योपुर दौरे की तैयारियां में युद्ध स्तर जुटा हुआ नजर आ रहा है। गुरुवार को जहां कलेक्टर अर्पित वर्मा ने हेलीपैड और सभा स्थल का मुआयना करते हुए रोड शो वाले रूट का निरीक्षण किया वहीं शुक्रवार को प्रशासन रोड शो वाले रूट पर अतिक्रमण हटाने के साथ साथ दुकानदारों को हदों में रहने की चेतावनी देते हुए मुनादी कराई। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजन की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उधर कई विभाग मुख्यमंत्री के आगमन के समय जिले को सौगात दिलाने के लिए कार्य योजना बनाने में जुट गए हैं इनमें से मेडिकल कॉलेज प्रमुख है जहां फिलहाल फैकल्टी और अस्पताल की कमी बताई जा रही है, जिसे मुख्यमंत्री से सौगात के रूप में स्वीकृत कराया जा सकता है।

शुक्रवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर मुख्यमंत्री के रोड शो वाले मार्ग पर एसडीएम गगन मीणा ने खुद अपनी उपस्थिति में सड़क किनारे लगे अतिक्रमण को हटाया। बाजार में पहुंचकर मुनादी कराई और दुकानदारों को हद में रहने के लिए निर्देशित किया। ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री का रोड शो वीर सावरकर स्टेडियम से शिवपुरी रोड, जय स्तंभ से मेन बाजार सुबात चौराहा, टोडी गणेश बाजार, पुल दरवाजा से बड़ौदा रोड होते हुए मेला ग्राउंड सभा स्थल तक पहुंचना है। इन रास्तों में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो इसलिए रोड शो वाले रूट को वन वे करने के साथ बाजार में अतिक्रमण हटाने और दुकानदारों को अपनी सीमा में दुकान लगाने के लिए मुनादी कराई जा रही है।



### टोडी गणेश मंदिर पर पूजा कर सकते हैं सीएम

हालांकि मुख्यमंत्री के दौरे में रोड शो शामिल किया गया है जिसमें पुल दरवाजा के पास चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का अनावरण करना शामिल है लेकिन मुख्यमंत्री जिस तरह धार्मिक आस्था रखते हैं उससे प्रशासन को उम्मीद है कि रोड शो के दौरान सीएम रास्ते में पूजा भी कर सकते हैं इसके लिए प्रशासन ने टोड़ी गणेश मंदिर पर पूजन की तैयारी भी कर ली है। मंदिर पर पुजारी श्याम शुक्ला को सीएम के दौरे को लेकर अवगत करा दिया गया है इस मामले में टोडी गणेश संस्थान को भी सूचित करते हुए मुख्यमंत्री के पूजन कार्यक्रम की व्यवस्था बनाने को बोला गया है। संस्थान भी सीएम के मंदिर पर आकर पूजन करने की चर्चा से उत्साहित दिखाई पड़ रहा है।

### डीन ने सौंपा कलेक्टर को सीएम के लिए मांग पत्र

जिले को सबसे बड़ी सौगात के रूप में माने जा रहे मेडिकल कॉलेज में मौजूद व्यवस्थाओं को अपर्याप्त बताते हुए प्रबंधन ने जिला प्रशासन को मांग पत्र सौंप दिया है जिसमें उल्लेख किया गया है कि मेडिकल कॉलेज की सीटों पर एमबीबीएस छात्रों को प्रवेश दिया जा चुका है भविष्य में चिकित्सा छात्रों के चिकित्सा उन्नयन एवं जिले के जनहित में हॉस्पिटल होना आवश्यक है। इसके लिए मेडिकल कॉलेज के पास पर्याप्त भूमि भी उपलब्ध है। परिसर के पास 610 बेड के हॉस्पिटल की घोषणा मुख्यमंत्री कराई जाए। मांग पत्र में मेडिकल कॉलेज के लिए उपलब्ध इंफ्रास्ट्रक्चर को जरूरत के अनुसार कम बताते हुए उसे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से दौरे के समय घोषणा कराकर दूर करने का उल्लेख भी किया गया है।

### शहर में महावीर बस्ती और गणेश बस्ती का निकला पथ संचलन

# हिंदू भाव को जब जब भूले आई विपदा महान भाई टूटे धरती खोई मिटे धर्म-संस्कार: नीलेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

हम सभी भारतीयों को एक दूसरे से जोड़े रखने का काम यह हिंदुत्व करता हैं। हिंदू कोई जाती-संप्रदाय, पूजा पद्धति या धर्म नहीं हैं। हिंदुत्व इस भारत देश के राष्ट्रीयता का नाम हैं। जब हिंदुत्वका राष्ट्रीय भाव हम सबके मन में जागृत था, तब हमने विजय प्राप्त किया हैं। जब यह राष्ट्रीय भाव दुर्बल होकर, संकुचित भाव प्रबल हो गया तब हमारा पतन हुआ हैं। संघ के एक गीत में भी कहा गया है कि हिंदू भाव को जब जब भूले आई विपदा महान, भाई टूटे धरती खोई मिटे धर्म-संस्कार।

यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के श्योपुर नगर कार्यवाह नीलेश गौतम ने शुक्रवार को शहर के उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम में उपस्थित शहर की महावीर बस्ती और गणेश बस्ती के स्वयंसेवको को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कही। इस अवसर संघ के जिला संघ चालक गिर्राज सर्राफ, नगर संघ चालक सुरेन्द्र बंसल विशेष रूप से मंचासीन थे। इस बौद्धिक कार्यक्रम के बाद यहां से संघ का पथ संचलन आरंभ हुआ। उत्कृष्ट स्कूल से आरंभ हुआ यह पथ संचलन गुलम्बर, चूड़ी मार्केट, बोहरा बाजार, गणेश गली होते हुए मैन बाजार पहुंचा। घोष की थाप पर निकले इस पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवक हाथो में दंड लेकर तीन कतारो में देश भक्ति गीतों का उद्घोष करते हुए चल रहे थे। पथ संचलन का शहर में जगह जगह पुष्पवर्षा करके स्वागत किया गया। पथ संचलन मैन बाजार होता हुआ वापस उत्कृष्ट स्कूल में पहुंचकर सम्पन्न हुआ। उधर शुक्रवार को आवदा में भी पथ संचलन निकाला गया



### आज ढोढर और दांतरदा में निकलेगा संचलन

शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में शहर समेत जिलेभर में संघ के द्वारा पथ संचलन निकाले जा रहे है। इसी क्रम में शनिवार 11 अक्टूबर को ढोढर और दांतरदा कस्बे में पथ संचलन निकाले जाएंगे। मंडल स्तरीय इन पथ संचलनो में इन दोनो कस्बो के साथ साथ आसपास के गांवों के स्वयंसेवक भी संघ की गणवेश में शामिल होगे।

# शहर में नियम विरुद्ध चल रहे दो मेडिकल स्टोर को किया गया बंद

**मेडिकल स्टोर्स के लिए एडवाईजरी: 4 वर्ष से कम आयुवर्ग के बच्चों के लिए बगैर पर्चे के न दे कफ सिरप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग श्योपुर ने सभी मेडिकल स्टोर्स संचालको के लिए एडवाईजरी जारी कर दी है कि 4 वर्ष से कम आयुवर्ग के बच्चों के उपयोग के लिए किसी भी प्रकार की कफ सिरप बगैर डॉक्टर के पर्चे के न दें, एडवाईजरी में कहा गया है कि चिकित्सको के प्रिसक्रिप्शन पर ही खांसी की दवा का विक्रय किया जायें। ड्रग इस्पेक्टर मनीष कुशवाह ने बताया कि मेडिकल स्टोर्स के सतत रूप से आकस्मिक निरीक्षण किये जा रहे है, अभी तक निरीक्षण में प्रतिबंधित औषधी कोलड्रिफ किसी भी स्टोर पर नही पाई गई है। उन्होने जानकारी दी कि पाली रोड स्थित आदित्य मेडिकल एजेंसी एवं पुल दरवाजा स्थित शिवहरे मेडिकल स्टोर के निरीक्षण के दौरान क्रय-विक्रय रिकार्ड नही पाया गया और न ही स्टोर संचालक मौके पर पाये गये। ऐसे में नियम विरूद्ध चल रहे इन दोनो मेडिकल स्टोर्स को आगामी आदेश तक बंद कर दिया गया है। इसके अलावा सभी मेडिकल स्टोर्स संचालको को निर्देश दिये गये है कि सभी प्रकार की प्रतिबंधित एवं नशीली दवाओं का विक्रय बगैर डॉक्टर की पर्ची के एवं बिल के न किया जायें। सभी अभिलेख नियमानुसार संधारित किये जायें। उन्होने जानकारी दी कि राज्य औषधी प्रयोगशाला भोपाल द्वारा की गई जांच में कोलड्रिफ कफ सिरप के अलावा कफ सिरप रिलीफ बैच नंबर एलएसएल 25160 निर्माता शेप फार्मा प्रायवेट राजकोट गुजरात, रेस्पीफ्रेश-टीआर 60 एमएल सिरप बैच नंबर आरओ 1जीएल2523 निर्माता रेडनेक्श फार्मास्टिकल प्रायवेट लिमिटेड अहमदाबाद अवमानक पाये जाने पर इनका क्रय-विक्रय, संधारण एवं वितरण प्रतिबंधित किया गया है।




### मोरेका बीट के जंगल में फोरेस्ट टीम पर चार माह में दूसरी बार हुआ हमला

# अतिक्रमण हटाने गई फॉरेस्ट टीम पर हमला, वनकर्मियों ने भागकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

खाडी रेंज की मोरेका बीट में वन भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए पहुंची वन विभाग की टीम पर अतिक्रमण करने वाले लोगों ने एक राय होकर लाठी डंडो से हमला कर दिया। ऐसे में वहां से किसी तरह वनकर्मियों ने भागकर अपनी जान बचाई। लेकिन फिर भी तीन चार वनकर्मियों के चोट बताई गई है। चार महीने के भीतर इसी जगह पर वन विभाग की टीम पर यह दूसरा हमला है,इसके पहले जून माह में वन विभाग की टीम पर हमला किया गया था।

विशेष बात यह है कि जून माह में हुए हमले के दौरान वन विभाग की टीम के साथ पुलिस भी मौजूद थी,लेकिन इस बार फोरेस्ट टीम के साथ पुलिस नहीं थी। इस मामले में कार्रवाई के लिए वन विभाग की टीम ने एफआईआर के लिए रघुनाथपुर थाने में आवेदन सौप दिया है। बताया जा रहा है कि वन विभाग की खाडी रेंज की फोरेस्ट टीम रेंजर आफिसर दिनेश कौशल की अगुवाई में बीते रोज बिना पुलिस के ही अतिक्रमण हटाने के लिए मोरेका वीट के जंगल में पहुंची थी। मौके पर पहुंचकर वन विभाग की टीम कार्रवाई करती,उसके पहले ही वहां मौजूद लोगों की भीड ने एक राय होकर लाठी डंडो से वन विभाग की टीम पर हमला कर दिया। किसी तरह रेंजर आफिसर सहित अन्य वनकर्मियों ने वहां से भागकर जान बचाई। इस हमले के दौरान तीन चार वनकर्मियों को मूदी चोटे आई है।वन विभाग के एसडीओ संजीव सिंह का कहना है कि इस मामले में एफआईआर के लिए थाने में आवेदन दे दिया है। पुलिस अधिकारियों से एफआईआर दर्ज किए जाने के लिए विभागीय स्तर पर बातचीत की जा रही है। उधर रघुनाथपुर थाना प्रभारी डीएस मालवीय का कहना है कि वन विभाग की टीम इस संबंध मे सूचना देती तो हम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच जाते। फिलहाल वन विभाग की ओर से दिए गए आवेदन की जांच की जा रही है।



# वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान जन अभियान बनाएं कार्यकर्ता: दौलत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सरकार निर्वाचन आयोग की मदद से लोगों के वोटो की चोरी कर रही है यह लोकतांत्रिक देश में बेहद खतरनाक बात है। इसका मतलब यह है कि संविधान में हमें सरकार चुनने के लिए वोट का अधिकार दिया है वह वोट आपकी मर्जी से नहीं सरकार की मर्जी से डाला जा रहा है। इस वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान को कार्यकर्ता सिर्फ मंचो तक सीमित न रखें इस घर-घर पहुंचने का काम करें और हर मतदाता को इसकी जानकारी दें। यह बात पूर्व नपाध्यक्ष दौलतराम गुप्ता ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बड़ौदा के तत्वाधान में आयोजित हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ करते हुए कही, प्रभारी की हैसियत से संबोधन देते हुए कही।

बडौदा ब्लॉक क्षेत्र के लिए प्रभारी बनाए गए पूर्व नपाध्यक्ष दौलत राम गुप्ता ने अभियान का शुभारंभ करते हुए बताया कि यह अभियान विभिन्न वार्डों में शिविर लगाकर किया जाएगा। उन्होंने बड़ौदा के सभी 15 वार्डो शिविर लगाकर व घर घर पहुंच कर फार्म भरवाने और हस्ताक्षर करवाने का अनुरोध कार्यकर्ताओं से किया। इस दौरान प्रहलाद सैन, दिनेश सिकरवार, ब्लॉक अध्यक्ष सत्यप्रकाश शर्मा, संजीव कुशवाह, रितेश तोमर, अंशु शुक्ला, हरिओम जाटव, इस्माइल खान, सतेंद्र गौड, रामस्वरूप पांचाल, विनोद आदि,रमन शर्मा, हंसराज बेतुल,कपिल प्रजापति,भैरू सुमन, दिलखुश मीणा, किशोर नागर आदि मौजूद रहे।

## कुरैशी बने आशिकाने रसूल सुन्नत वल जमात के जिलाध्यक्ष

श्योपुर। समाजसेवी मोहम्मद चीनी कुरैशी सुन्नत वल जमात समिति मध्य प्रदेश, श्योपुर जिला इकाई के अध्यक्ष मनोनीत किए गए हैं। उनका मनोनयन संस्था के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सलीम खान के निर्देश पर महासचिव तौकीर निजामी ने किया है।मध्य प्रदेश में समाज सेवा के रूप में अग्रणीय मुस्लिम धार्मिक संस्था आशिकाने रसूल सुन्नत वल जमात समिति ने मोहम्मद चीनी कुरैशी को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है वह उनकी नियुक्ति, उनके द्वारा हर साल ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार सद्भाव पूर्वक मनाने और ऐसे आयोजनों में अग्रणीय भागीदारी निभाने के चलते किया गया है। इस संबंध मोहम्मद चीनी कुरैशी ने जमात के प्रदेश पदाधिकारियों का आभार जताते हुए सुन्नत वल जमात से जुड़े लोगों की बैठक लेकर एक जिला स्तरीय कार्यकारिणी गठित करने और



### सीएम के दौरे से पहले सीताराम के तेवरों से गरमाई भाजपा की राजनीति

# पूर्व विधायक बोले प्रशासन तो क्या जनहित में शासन का भी करूंगा विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पूर्व विधायक और मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद के उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा) सीताराम आदिवासी ने ऐसा बयान दे दिया जिससे मुख्यमंत्री के दौरे से पहले भाजपा दल में राजनीति गरमा गई है। दरअसल पत्रकारों के द्वारा पूछे जाने पर भाजपा नेता पूर्व विधायक सीताराम आदिवासी ने बोल दिया कि जिला अध्यक्ष द्वारा शासन प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन नहीं करने के फैसले को वह जनहित विरोधी मानते हैं वह आदिवासी और किसानों की परेशानियों को उठाने के दौरान प्रशासन के विरोध में नारेबाजी करेंगे और जरूरत पड़ी तो शासन के खिलाफ भी धरना देने से नहीं चुकेंगे। ज्ञात हो कि भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने एक पत्र जारी करते हुए सभी भाजपा नेताओं को शासन प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन और बयान बाजी करने की मनाही की हुई है ऐसा करने को अनुशासनहीनता में माना जाएगा।

कराहल विकासखंड के कुछ गांव से आए आदिवासी बिजली समस्या को लेकर कलेक्टर अर्पित वर्मा से मिले इस दौरान मंत्री दर्जा प्राप्त पूर्व विधायक सीताराम आदिवासी ने बिजली विभाग की लापरवाही पर बिजली कंपनी के अधिकारियों को खूब आड़े हाथों लेते हुए जहां कलेक्टर से शिकायत की वही उनके साथ आए आदिवासियों में कलेक्ट्रेट के बाहर अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान पत्रकारों ने उनका ध्यान भाजपा जिला अध्यक्ष के उस पत्र की ओर आकर्षित कराया जिसमें प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन नहीं करने की बात कही गई है, इस पर सीताराम ने मुखर होकर कहा कि वह जनहित के लिए किसी का कोई आदेश मानने वाले नहीं है बिजली कंपनी के अधिकारी भ्रष्टाचार कर रहे हैं इससे सरकार की छवि खराब हो रही है। बिना रिश्वत लिए कोई काम नहीं हो रहा है जो अधिकारी सरेआम रिश्वत ले रहा है उसकी कई बार शिकायत की जा चुकी है लेकिन उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। हमारे आदिवासी अंधेरे में रहने को मजबूर हो गए हैं बिजली नहीं होने से फसल बर्बाद हो रही हैं ऐसी स्थिति में अगर में जनप्रतिनिधि होने के नाते जनता के साथ मिलकर उनकी आवाज न बनू तो यह मेरी पार्टी और सरकार के साथ मेरे द्वारा किए जाने वाला अन्याय होगा। में ऐसे बेईमान अधिकारियों के खिलाफ हमेशा मुखर रहा हूं और मुखर रहूंगा जिनके कारण सरकार और पार्टी की छवि को धक्का लगे। आदिवासियों के शोषण को रोकने के लिए में हमेशा उनके साथ खड़ा रहूंगा भले इसके लिए मुझे धरना ही क्यों न देना पड़े।



### शुक्रवार को कोतवाली और बड़ौदा पुलिस ने धरे दो तस्कर, जब्त की दो लाख से अधिक की स्मैक

# श्योपुर को नशा मुक्त बनाने पुलिस ने दिखाई सख्ती, 19 नशा कारोबारियों को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर को नशा मुक्त बनाने की जिले में उठ रही मांग के बीच पुलिस ने भी इस मामले में सख्ती दिखाते हुए नशा कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। शुक्रवार को कोतवाली थाना पुलिस और बडौदा थाना पुलिस ने अलग अलग स्थानों से दो स्मैक तस्करों को दबोचने में सफलता हांसिल की है। दोनों तस्करों के कब्जे से दो लाख से अधिक कीमत की स्मैक जब्त की गई है। इस मामले में पुलिस अधिकारी दावा कर रहे है कि पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में अभी तक 19 नशा कारोबारियों को पुलिस अलग अलग स्थानों से दबोचकर उन्हें सलाखों के पीछे भेज चुकी है। पुलिस की इसी सख्ती का परिणाम है कि नशा कारोबारी अंडरग्राउंड हो गए है।

शुक्रवार को पुलिस कंट्रोलरूम में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने बताया कि अवैध नशा कारोबार में लिप्त कारोबारियों के खिलाफ पूरी सख्ती के साथ कार्रवाई करने के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित कर दिया गया है। जिसके चलते जिले के सभी थानों की पुलिस जिले में निर्मित अवैध नशा कारोबार की चैन को तोडने की दिशा में कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में कोतवाली थाना पुलिस ने शुक्रवार को शहर के बडौदा रोड क्षेत्र में दबिश देकर पाइप फेक्ट्री के पास से शानू पुत्र सिद्दीक खान निवासी करबला रोड वार्ड क्रमांक 22 श्योपुर को दबोचा गया है। जिसके कब्जे से 12 ग्राम स्मैक कीमत 1 लाख 20 हजार रूपए जब्त की गई है। शुक्रवार को ही बडौदा थाना पुलिस ने मुकेश पुत्र जुगराज सुमन निवासी पांडोला को घेराबंदी करके उस समय दबोचा,जब बाइक पर सवार होकर स्मैक को खफाने के लिए कहीं जा रहा था, तलाशी के दौरान मुकेश के कब्जे से 10 ग्राम स्मैक कीमत 1 लाख रूपए तथा एक मोटरसाइकिल कीमत 70 हजार जब्त की गई है। इसके पूर्व गुरूवार को कराहल थाना पुलिस ने सुरेश आदिवासी और उसकी पत्नी द्रोपदी आदिवासी निवासी सूखाखारा सहराना कराहल को उस समय आमेट रोड से मुखबिर की सूचना पर दबोचा,जब यह दोनो पति पत्नी बाइक पर सवार होकर डोडा चूरा को क्षेत्र में खफाने के लिए जा रहे थे।इनके कब्जे से 3 किलो 100 ग्राम डोडा चूरा कीमत 12 हजार रूपए जब्त किए है।प्रेस वार्ता में एएसपी प्रवीण भूरिया, एसडीओपी श्योपुर राजीव गुप्ता, एसडीओपी बडौदा प्रवीण अष्ठाना,कोतवाली टीआई सतीश सिंह चौहान,बडौदा टीआई सत्यम सिंह गुर्जर,रक्षित निरीक्षक अखिलेश शर्मा भी मौजूद थे।




### इन थानों की पुलिस ने भी दबोचे तस्कर

एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने बताया कि 7 अक्टूबर को आवदा थाना पुलिस ने अवैध नशा कारोबार को लेकर बडी कार्रवाई करते हुए दो तस्करो को दबोचा है। जिनमें से एक तस्कर के कब्जे से 1 किलो 211 ग्राम गांजा तथा दूसरे तस्कर के कब्जे से 1 किलो 252 ग्राम डोडा चूरा जब्त किया है। इसके पूर्व गसवानी थाना पुलिस ने 26 सितंबर को कार्रवाई करते हुए एक गांजा तस्कर को पकडकर जेल भेजा है। जिसके कब्जे से 1 किलो 100 ग्राम गांजा जब्त किया गया।

### एसपी बोले आमजन भी सूचना देकर बने सहयोगी

एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने श्योपुर जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जिले के आम नागरिकों से भी पुलिस का सहयोगी बनने का आग्रह किया है। उन्होने कहा कि अवैध नशा कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने अभियान छेड दिया है। जिसमें आम नागरिक भी सहयोगी बनते हुए अवैध नशा कारोबार में लिप्त बने लोगों की सूचना पुलिस को प्रदान करें। यह अभियान तब तक चलेगा,तब तक अवैध नशा कारोबार पर पूरी तरह रोक नहीं लग जाएगी। एसपी ने आग नागरिको को भरोसा दिलाया कि जो भी अवैध नशा कारोबार में लिप्त लोगों के संबंध में सूचना प्रदान करेगा,उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा,लेकिन उसकी सूचना पर पुलिस पूरी सक्रियता और सख्ती के साथ कार्रवाई करेगी।

# बिजली कंपनी की टीम के साथ मारपीट, तीन पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कराहल थाना पुलिस ने बिजली कंपनी की टीम के साथ शासकीय कार्य में व्यवधान डालते हुए मारपीट किए जाने का मामला दर्ज कर लिया है।

कराहल थाना पुलिस ने बताया कि कराहल बिजली कंपनी के जेई लोकेन्द्र सिंह जाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम रीछी में बिजली कंपनी की टीम बकाया वसूली के लिए पहुंची थी, कनेक्शन काटने की कार्रवाई के दौरान बिजली कंपनी की टीम के साथ अमर सिंह सिसोदिया, बृजलाल सिसोदिया, चेतन सिसोदिया के द्वारा मारपीट कर दी गई। मारपीट के दौरान बिजली कंपनी टीम में शामिल कमलेश रावत, नवीन जाट, गोपाल जाट जख्मी हो गए। कराहल थाना पुलिस ने जेई लोकेन्द्र सिंह जाट की रिपोर्ट पर तीनों के खिलाफ शासकीय कार्य में व्यवधान और मारपीट किए जाने का मामला दर्ज कर लिया है।

## 34 लाख की धोखाधड़ी पुलिस ने किया अमानत में ख्यानत का केस दर्ज

**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर चंदेरी थाने के अंतर्गत पुलिस 34 लाख रूपए की ठगी किए जाने पर अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने चंदेरी के खिड़की दरबाजा निवासी जहीन अहमद की शिकायत पर से यह मामला दर्ज किया है। चन्देरी पुलिस को आवेदन में शिकायत की गई थी कि भारतीय जीवन बीमा निगम के चन्देरी में निवासरत एजेन्ट सतेन्द्र चर्तुवेदी ने उन्हे एसएसव्ही और एलजेसीसी नामक दो कंपनियों में निवेश के लिए प्रेरित किया था। जिसके बाद जहीन अहमद उसकी पत्नी समीना खान और पुत्र मोहम्मद फराज अख्तर के नाम से इन दोनों कम्पनियों में एफडी और एमआइपी योजनाओं में 70 लाख रूपए जमा किए थे। शिकायतकर्ता का कहना है कि इनमें 7 एफडी 24 जुलाई को परिपक्व हो गई थीं। जिनकी कुल राशि 34 लाख रूपए थी। जहीन अहमद का कहना है कि सतेन्द्र चर्तुवेदी ने इन एफडी की मूल रसीदें यह कहकर ले लीं थी कि वह कंपनी से नगद राशि दिलवा देगा। शिकायतकर्ता का आरोप है कि सतेन्द्र चर्तुवेदी ने इन एफडियों को तोड़कर 34 लाख रूपए की राशि स्वयं निकाल ली और राशि भी वापिस नहीं की। जहीन अहमद का कहना है कि उसके और उसके परिवार के नाम से एलजेसीसी और एसएसव्ही कंपनी में अभी भी लगभग 53 लाख रूपए की एफडी और एमआइपी योजनाएं चल रहीं हैं जो भविष्य में परिपक्व होगीं। जहीन अहमद ने इन कंपनियों के पदाधिकारियों पर भी धोखाधड़ी के आरोप लगाए हैं चन्देरी पुलिस ने मामला दर्ज किया है और जांच शुरू कर दी है।

### सेंट मैरी स्कूल में हुआ दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

# गोमती नंदन स्कूल का इंटर स्कूल सहोदया कबड्डी कप पर जमा कब्जा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

सेंट मैरी स्कूल सागर में सहोदया समूह द्वारा आयोजित दो दिवसीय इंटर स्कूल कबड्डी प्रतियोगिता में गोमती नंदन स्कूल के छात्र एवं छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता ट्रॉफी पर कब्ज़ा जमाया। छात्रों की प्रतियोगिता नॉकआउट पद्धति एवं छात्राओं की लीग पद्धति से आयोजित की गई, जिसमें बॉयज़ वर्ग में 16 टीमों ने भाग लिया। गोमती नंदन स्कूल के छात्रों की टीम ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से बंडा, ज्ञानोदय खुरई, अवध प्रभा मालथौन और फाइनल में शैलेश मेमोरियल सागर जैसी मजबूत टीमों को पराजित करते हुए फाइनल मुकाबला जीता और सहोदया कप अपने नाम किया।



वहीं, गर्ल्स कैटेगरी में भी गोमती नंदन स्कूल की बेटियों ने उम्दा खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने अवध प्रभा मालथौन और सेंट जोसेफ स्कूल सागर को हराकर फाइनल तक पहुंचने का गौरव प्राप्त किया। यद्यपि फाइनल में उन्हें सेंट मैरी स्कूल को कड़ी चुनौती देते हुए उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। फिर भी उनके खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना की सभी ने सराहना की। गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क को बढ़ावा देना था।

मैदान में खिलाड़ियों के जोश और खेल भावना से पूरा वातावरण उत्साहपूर्ण रहा। स्कूल प्रबंधन, प्राचार्य शिखा अग्रवाल , विकास अग्रवाल और खेल प्रशिक्षक कोमल पटेल, करतार यादव, शिखा मिश्रा, गीतेश रैकवार ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बीना के दिव्यांशु रहे बेस्ट बल्लेबाज

**बीना।** छतरपुर में आयोजित 69 वीं संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता अंडर-14 में शहर के गांधी वार्ड निवासी दिव्यांशु वेस्ट बल्लेबाज रहे। दिव्यांशु रजक पिता हेमंत रजक ने अंडर-14 क्रिकेट में ऑल राउंडर अच्छा प्रदर्शन करने पर उन्हें वेस्ट वेस्टमेन का ख़िताब मिला है। इस उपलब्धि पर दिव्यांशु को परिजनों, शाला परिवार ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में सीएम राइस प्राचार्य मंजुलता यादव, खेल शिक्षक सुनील जैन सागर, जिला स्पोर्ट्स अधिकारी संजय दादर ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।



### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कैंडल मार्च निकाला

## मासूम बच्चों की मौत की जिम्मेदारी लेकर स्वास्थ्य मंत्री इस्तीफा दें: ठाकुर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा छिंदवाड़ा सहित अन्य शहरों में जहरीले कफ सिरप से अब तक 24 मासूम बच्चों की मौत के विरोध में गुरुवार शाम 7 बजे कैंडल मार्च निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेसियों ने अंबेडकर तिराहे से नारों के साथ ह्लजो बच्चों की सुरक्षा कर न सके ऐसी सरकार निकम्मी हैह्व। स्वास्थ्य मंत्री इस्तीफा दो, इस्तीफा दो के नारो के साथ विरोध प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। गांधी तिराहा पर पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य मंत्री को मासूम बच्चों की मौत की जिम्मेदारी लेते हुए नैतिकता के आधार पर उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। यह सरकार हर क्षेत्र में विफल साबित हो रही है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहे, अतिवृष्टि से किसान परेशान है। किसानों को न तो खाद, बीज उपलब्ध हो पा रहा है, न ही सरकार द्वारा उन्हें बीमा राशि प्रदान की जा रही है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इंदर यादव ने मध्य प्रदेश सरकार पर सिरप कंपनियों से कमीशन लेने का आरोप लगाया है।

आरोप लगाते हुए कहा कि सिरप कंपनियों से कमीशन लेकर उन्हें खुली छूट प्रदान करके इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। कितने मासूम बच्चों की अभी तक सिरप के उपयोग से जान जा चुकी है। उन्होंने कहा कि आज किसान दर-दर की ठोकरें खा रहा है। क्षेत्र में किसानों को न तो बीज, खाद उपलब्ध होने से किसान परेशान हो रहा है। इस मौके पर गांधी तिराहा पर समस्त कांग्रेस जनों ने बच्चों को श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का मौन धारण किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर, इंदर सिंह यादव, अनुराग ठाकुर, अजय प्रताप सिंह, ओम प्रकाश पासु, प्रमोद राय, शशि मोहन तिवारी, सुरेश तिवारी नाही, सतीश तिवारी, अशोक परिहार, पार्षद अतीक खान, एडवोकेट कृष्णा कैथोरिया, हरि शंकर दीक्षित, नरेंद्र सिंह ठाकुर, रामकिशन अहिरवार, झन्नू राय, टिंकू जैन आदि मौजूद थे।

## कलेक्टर ने एपीसी बैठक में कहा समय सीमा में कार्य को करें पूरा

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एपीसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, सहकारिता, और संबंधित विभागों की योजनाओं की प्रगति और आगामी लक्ष्यों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु संबंधित विभागीय योजनाओं के लक्ष्यों को समय सीमा में पूर्ण करें।

# पं. राकेश सिरोठिया की 69वीं जन्म जयंती पर दी श्रद्धांजलि

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित स्मृति उद्यान में लगी प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

वरिष्ठ समाजसेवी एवं लोकप्रिय नेता पंडित राकेश सिरोठिया की 69 वीं जन्म जयंती पर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित स्मृति उद्यान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया। उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर परिवार जनों एवं स्नेहीजनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में नगर के पंडित दशरथ लाल पुरोहित ने संस्मरण सुनाते हुए कहा कि राकेश भैया कहते थे की संघर्ष करने वालों को एक न एक दिन सफलता अवश्य मिलती है। इसलिए व्यक्ति को अपना कर्म पूरी निष्ठा से करना चाहिए और संघर्ष करते हुए भी अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। पंडित सुनील सिरोठिया ने कहा कि



बड़े भैया को आज से 20 वर्ष पूर्व स्थूल रूप से ईश्वर ने अपने पास बुला लिया था। परंतु उनके संस्कार एवं आत्मीयता के भाव आज भी सूक्ष्म रूप से हम सभी में विद्यमान हैं , हमारा पूरा परिवार आज भी यही प्रयास करता है उनके संबंध एवं आप सभी का प्रेम हमे निरंतर ऊर्जा एवं संबल प्रदान करता रहे।

इस सभा में आए हुए सभी स्वजन जो आज भी पूज्य पिताजी के प्रति आस्था, स्नेह एवं आत्मीयता का भाव रखते हैं उनके पुत्र सौरभ सिरोठिया एवं गौरव सिरोठिया ने कृतज्ञता ज्ञापित की। श्रद्धांजलि सभा में नगर के गणमान्य नागरिक गण सहित स्नेही स्वजन उपस्थित रहे।

### विश्वमांगल्य सभा अशोकनगर ने किया कार्यक्रम संपन्न

# मानसिक तनाव एवं चिंता से मुक्ति के लिए कार्यक्रम आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

विश्वमांगल्य सभा अशोकनगर द्वारा आयोजित मां भगवती सदाचार सभा में योग एवं ध्यान द्वारा मानसिक तनाव एवं चिंता से मुक्ति के विषय पर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रांत सह संयोजिका कविता साहू ने योग और ध्यान के महत्व को समझाया और बताया कि कैसे यह दोनों शक्तिशाली उपाय शारीरिक विश्राम को बढ़ावा देते हैं माइंडफूलनेस विकसित करते हैं और नकारात्मकता शांत करते हैं।

योग और ध्यान के अभ्यास से शरीर की विश्राम प्रतिक्रिया सक्रिय होती है हृदय गति और रक्तचाप कम होता है और व्यक्ति शांति व आंतरिक संतुलन की गहरी अनुभूति प्राप्त करता है योग और ध्यान के अभ्यास से मानसिक तनाव और चिंता को काम किया जा सकता है। जिससे मूड बेहतर होता है और




आत्मिक शांति का अनुभव होता है योग और ध्यान के अभ्यास से सकारात्मक भावनाओं का विकास होता है जिस व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृ शक्ति उपस्थिति रही जिसमें उमा दुबे, वीणा व्यास, अलका अग्रवाल, विजय बंसल, मधु अग्रवाल, कविता शिंदे, सीमा दीक्षित, मिथिलेश यादव, उषा अग्रवाल, सीमा सलूजा एवं पूनम गुलाटी सहित अन्य मातृशक्ति उपस्थिति रही। सभी ने हरिद्वार से आई ज्योति कलश यात्रा का स्वागत किया। सदाचार सभा के साथ ही प्रांत सहसंयोजी का नैना शर्मा द्वारा मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आगामी कार्यक्रमों और गतिविधियों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की सफलता के लिए विश्व मांगल्य सभा अशोकनगर अध्यक्ष किरण अग्रवाल और कविता साहू एवं नैना शर्मा उमा दुबे को बधाई दी गई जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## लायंस क्लब के द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत निशक्तजनों को भोजन प्रसादी वितरण की

**अशोकनगर।** लायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा चलाए जा रहे सेवा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत लायंस क्लब अशोकनगर द्वारा गुरूवार को एक प्रेरणादायक सेवा कार्य किया गया। क्लब के तत्वावधान में जिला चिकित्सालय, अशोकनगर में सुखमनी सेवा समिति के माध्यम से अन्नपूर्णा प्रसादी भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लगभग 70 दिव्यांग एवं निशक्तजनों को प्रेमपूर्वक भोजन वितरण किया गया। भोजन की संपूर्ण व्यवस्था सुखमनी सेवा समिति के सदस्यों द्वारा की गई। सुखमनी सेवा समिति के सदस्य विष्णु शर्मा ने बताया कि यह संस्था पिछले 13 वर्षों से निरंतर सेवा कार्य कर रही है और समाज के जरूरतमंद लोगों तक सहयोग पहुंचाने के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि सेवा का अर्थ केवल दान नहीं, बल्कि मानवीय संवेदना का विस्तार है। कार्यक्रम के दौरान लायन संजीव ने सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सेवा करना मानवता का सर्वोच्च धर्म है, और प्रत्येक लायन सदस्य को समाज की आवश्यकताओं को समझकर कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर लायंस क्लब अशोकनगर के अध्यक्ष अभिजीत जैन, सचिव विकास रघुवंशी, कोषाध्यक्ष गिरीश गुप्ता, रणजीत सिंह संधू, हरि सिंह रघुवंशी, संजय रघुवंशी, सौरभ अग्रवाल, राजेश रघुवंशी,के.पी. रघुवंशी, सुयोग जैन एवं अन्य लायन सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में हम सेवा करते हैं की भावना को जीवंत रखना और जरूरतमंदों तक मदद का हाथ पहुंचाना रहा।

# रानी कमलापति-रीवा के बीच 17 को चलेगी स्पेशल ट्रेन, बीना स्टेशन पर रहेगा स्टॉपेज

**बीना।** रेल प्रशासन द्वारा दिवाली त्यौहार के पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन नंबर 02190/02189 रीवा-रानी कमलापति-रीवा के मध्य 1-1 ट्रिप साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है।

यह स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में सतना, मैहर, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, बीना एवं विदिशा हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। भोपाल मंडल जनसंपर्क अधिकारी अनुसार ट्रेन नंबर 02190 रीवा-रानी कमलापति सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन एक ट्रिप दिनांक 17 अक्टूबर शुक्रवार को रीवा स्टेशन से दोपहर 12.30 बजे प्रस्थान कर, सतना 1.20 बजे, मैहर 1.50 बजे, कटनी मुड़वारा 2.50 बजे, दमोह 4.10 बजे, सागर 5.15 बजे, बीना 6.45 बजे, विदिशा 7.50 बजे और रात 9.15 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। इसी तरह वापसी में ट्रेन नंबर 02189 रानी कमलापति-रीवा सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन 17 अक्टूबर शुक्रवार को रानी कमलापति स्टेशन से रात 10.15 बजे प्रस्थान कर विदिशा 11.08 बजे पहुंचकर अगले दिन बीना मध्यरात्रि 12.20 बजे, सागर 1.30 बजे, दमोह 2.40 बजे, कटनी मुड़वारा 4.10 बजे, मैहर 5.35 बजे, सतना 6.15 बजे और शनिवार सुबह 7.20 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी।

जन सम्पर्क अधिकारी ने यात्रियों से अपील की है कि रेलयात्री किसी भी कंप्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र या ऑनलाइन आईआरसीटीसी की वेबसाइट से इस स्पेशल ट्रेन की आरक्षण सुविधा का लाभ उठा सकते है। साथ ही यात्री सुविधा का लाभ लेते हुए स्पेशल ट्रेन के ठहराव की विस्तृत जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

# लायंस क्लब अशोकनगर ने की पीस पोस्टर प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

लायंस इंटरनेशनल द्वारा चलाए जा रहे सेवा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत गुरूवार को लायंस क्लब अशोकनगर द्वारा फ्यूचर किड्स स्कूल, गुना रोड में पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस वर्ष प्रतियोगिता की थीम हम एक रखी गई जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में लायंस क्लब अशोकनगर द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा कंसोलेशन पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि लायंस क्लब अशोकनगर पिछले 25 वर्षों से लगातार पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन करता आ रहा है, और कई बार जिला स्तर पर अशोकनगर को प्रथम स्थान प्राप्त होने का गौरव भी मिला है। उन्होंने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया और उनकी रचनात्मक सोच की सराहना की।

फ्यूचर किड्स स्कूल के संस्थापक विशाल रघुवंशी ने बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ बच्चों में कल्पनाशक्ति और सामाजिक समझ विकसित करती हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष अभिजीत जैन, सचिव विकास रघुवंशी, डॉ. राजेश कुमार, अमित रघुवंशी, दीपक अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विकास रघुवंशी ने सभी अतिथियों, विद्यालय परिवार तथा विद्यार्थियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### आचार्य श्री समय सागरजी महाराज को श्री फल भेंट करने पहुंची पंचायत कमेटी

# सारा जग धन से सुखी, मुनि पर कौड़ी भी नहीं होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सारा जगत धन पाकर सुखी होता है मुनि के लिए कह दिया कि तेरे पास एक कौड़ी नहीं होना चाहिए। आप लोग बालो को सैलून पर जाकर बालों को कटवा कर सुखी होते हैं और महावीर ने कहा कि इन बालों को अपने हाथों से खींच कर उखाकर भी खुश रहने को कहा गया है दुनिया भोजन करने में सुख मनातीं है महावीर ने साधु से कहा कि तुम विना भोजन करके सुखी हो कर दिखाओ। इसे प्यास लगने पर पानी पी कर आहा कर रहा है ऐसे ही हमें प्यास लगने पर पानी नहीं मिले जीव चिपक गई है। प्यास से बोलते नहीं वन रहा है तव तुम आहा करके वताओ ये घर से बहुत सुंदर बस्त्र पहन कर बाहर निकल कर सुखी हो रहा है साधु से कहा कि तू बिना कपड़े पहने सब के बीच जाकर दिखा हो सुखी हो कर दिखाओ साधु को कहा कि दुख उदय में आएंगा और तुझे दुखी नहीं होना ताप अंदर अंदर तप रहा है दुख आया है तो रोना नहीं है नहीं तो आसाता बेदनी कर्म का बंध होगा और अधिक दुःख होगा सबसे ज्यादा दुःख सहन करने को कहा गया है साधु के लिए उक्त आश्य केउद्गार सुभाष गंज मैदान में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने व्यक्त किए ।





### गांव के पंच कल्याणक शहर वाले मिलकर कर रहे हैं

अशोकनगर जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने बताया कि बाल ब्रह्मचारी प्रदीप भ इया सुयश के नेतृत्व में अशोक नगर जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा संयोजक उमेश सिघई ट्रस्टी सौरव बाझल नितिन वज नीलेश बड़कुल अक्षय अमरोद सुचित कासल सहित अन्य प्रमुख जनो आचार्य श्री समय सागरजी महाराज को श्री फल भेंट कर नगर में होने वाले श्री मद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ की सम्पूर्ण जानकारी वाल ब्रह्मचारी प्रदीप भ इया द्वारा रखते महोत्सव की तिथि रखीं गई इस दौरान आचार्य श्री समय सागरजी महाराज ने कहा कि शहर में गांव के पंच कल्याणक हो रहे हैं बहुत अच्छे गंज मन्दिर के नव निर्माण की भूमिका वनी है उन्होंने कहा कि पहले भी चातुर्मास के दौरान इसकी भूमिका बनाई गई थी तव का काम अव पूरा होने जा रहा है।

### कंठस्थ ग्रन्थ कर दी प्रस्तुति किया गया सम्मानित

इस दौरान श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर से पधारे विद्वान विदुशी छात्र छात्राओं ने सम्पूर्ण ग्रन्थ राज को परम पूज्य गुरुदेव मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ के समक्ष कंठस्थ कर प्रस्तुत किया जिसमें बिटिया आर्ची जैन शास्त्री बिटिया मिति शास्त्री साक्षी शास्त्री संस्कृति जैन हर्ष शास्त्री सहित अन्य को भक्तो की तालियों की गढ़ गढाहट के बीच सम्मानित किया गया अभाव में सदभाव की अनुभूति भुख है और भूख नहीं चन्द्र गुप्त की जिंदगी कोई दुख नहीं दे सका लेकिन गुरु ने इतने दुःख दिए चन्द्र गुप्त घवरा गया चाणक्य कहते हैं कि दुश्मन होता तो कम दुःख देता लेकिन यहां तो किसी प्रकार की कोई छूट नहीं दी चन्द्र गुप्त को चाणक्य ने हर विधा में इतना मजबूत वनाया कि हर क्षेत्र में चन्द्र गुप्त मौर्य साम्राज्य परी पक्का हो सका।

बाबा काम आये तो समझ लेना आपके अंदर दुर्योधन की शक्ति जाग रही है नहीं हमें अपने बड़ों से काम नहीं लेना हमें बड़ों के अनुसार चलना है हमें उनके काम करना है जव जव पूज्य पुरुष अपने से बड़े लोगों को अपने काम की भावना स्थापित की आप के अंदर दुर्योधन की भावना जाग रही है राम चन्द्र जी से कहा कि आप कौन से अज्ञानी है तो वह कहते हैं कि मुझे जरूर नहीं है लेकिन जव में गलती करू तो गुरु मेरे कान खींचे एक व्यक्ति चुनना चाहता हूं जो मेरी हर गलती को सुधार सके आज तक दशरथ जी ने नहीं कहा श्री राम वे तो बेटा राम कहते रहे ।कभी बड़ों से गुरु से अपनी प्रशंसा मत सुनने का भाव मत करना इनसे कभी कोई दोष मत छिपना। डॉक्टर से कभी अपनी वीमारी मत झिपाना ऐसे ही गुरु से कमी को मत छिपना जव गुरु को पता चलेगी तव ही तो आपके दोष निकाल सकेंगे।